# आपके बच्चे की ऑडियोलॉजी अपॉइंटमेंट की तैयारी

मिनेसोटा नवजात शिशु स्क्रीनिंग कार्यक्रम

### आपके बच्चे की ऑडियोलॉजी अपॉइंटमेंट

दिनांक (मम/दद/वववव):

समय (दिवस/रात्रि):

क्लिनिक का नाम:

क्लिनिक का फ़ोन नंबर:

## एक ऑडियोलॉजिस्ट क्या होता है?

ऑडियोलॉजिस्ट एक स्वास्थ्य की देखभाल का पेशेवर होता है जो नवजात शिशुओं, बच्चों और वयस्कों में श्रवण की समस्या का निदान और प्रबंधन करने के लिए प्रशिक्षित होता है। श्रवण में समस्या वाला कोई व्यक्ति कुछ ध्वनियां सुनने में सक्षम हो सकता है जबकि दूसरों को शायद कुछ भी सुनाई न देता हो। कान(नों) के एक या अधिक हिस्सों की विशिष्ट समस्या के आधार पर श्रवण की समस्या के विभिन्न प्रकार होते हैं। एक अनुभवी बाल चिकित्सा ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा श्रवण में समस्या के और उसकी गंभीरता दोनों का पूर्ण आकलन, श्रवण में समस्या की अनुवर्ती कार्रवाई और उसके प्रबंधन के लिए सबसे सटीक योजना सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

## मेरा बच्चा ऑडियोलॉजिस्ट से क्यों मिल रहा है?

आपके बच्चे का जन्म के समय/जन्म के तुरंत बाद जो श्रवण परीक्षण हुआ वह एक स्क्रीनिंग परीक्षण था। यदि कोई बच्चा स्क्रीनिंग टेस्ट पास नहीं कर पाता है, तो इससे हमें पता चलता है कि उन्हें एक ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा आगे के परीक्षण की आवश्यकता है। एक ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा पूर्ण मूल्यांकन किए जाने से यह बात सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि आपका बच्चा वाणी और भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण सभी ध्वनियों को सुन पा रहा है या नहीं।

## अपॉइंटमेंट में कितना समय लगेगा?

अपॉइंटमेंट में 1-3 घंटे लग सकते हैं। कभी-कभी श्रवण परीक्षण को एक ही अपॉइंटमेंट में समाप्त करना हमेशा संभव नहीं होता है। यदि दूसरी अपॉइंटमेंट की आवश्यकता है, तो इसे जल्द से जल्द निर्धारित किया जाएगा।

## अपने बच्चे की अपॉइंटमेंट के लिए मुझे अपने साथ क्या लाना रहेगा?

- आपका बीमा कार्ड
- एक रेफरल यदि आवश्यकता हो
- दवाओं की एक वर्तमान सूची
- पूर्व श्रवण परीक्षण के परिणाम और/या मूल्यांकन
- बचपन में श्रवण में रह चुकी हुई किसी भी समस्या के पारिवारिक इतिहास के बारे में विवरण
- उन व्यक्तियों के नाम/पते जहां आप रिपोर्ट भेजना चाहते हैं

## मुझे अपॉइंटमेंट से पहले क्या करना होगा?

जब आपका बच्चा सो रहा हो तब सबसे आसानी से परीक्षण किए जाते हैं। अगर आप यह सुनिश्चित करना चाहते है कि परीक्षण के दौरान आपका बच्चा सो जाए:

- अपॉइंटमेंट से पहले या क्लिनिक तक कार की सवारी के दौरान अपने बच्चे को झपकी न लेने दें।
- अपॉइंटमेंट के समय से ठीक पहले आप अपने बच्चे को दूध न पिलाएं। परीक्षण शुरू होने से ठीक पहले क्लिनिक में आप अपने बच्चे को दूध पिला पाएं ऐसी व्यवस्था है।



## ऑडियोलॉजी अपॉइंटमेंट के दौरान क्या होगा?

ऑडियोलॉजिस्ट आपके बच्चे के चिकित्सीय इतिहास, आपकी गर्भावस्था/प्रसव/इस बच्चे के साथ प्रसूति के बारे में और आपके पारिवारिक इतिहास के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे।

जब आपका बच्चा सो रहा होगा,तब ऑडियोलॉजिस्ट आपके बच्चे के कानों की जांच करेंगे और श्रवण शक्ति का मूल्यांकन करेंगे। किए जाने वाले परीक्षण के प्रकार में निम्नलिखित में से शामिल हो सकते हैं:

- श्रवण मस्तिष्क स्टेम प्रतिक्रिया (Auditory Brainstem Response, ABR) के परीक्षण के दौरान - ध्वनियों के प्रति मस्तिष्क की प्रतिक्रिया को मापने के लिए आपके बच्चे के माथे और कानों पर सेंसर लगाए जाएंगे। परीक्षण में उपयोग की जाती ध्वनियों को सुनाने के लिए दोनों कानो में इयरफ़ोन लगाए जाएंगे। आपका बच्चा शारीरिक रूप से इन ध्वनियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं करेगा, लेकिन सेंसर यह मापने में सक्षम है कि आपका बच्चा विभिन्न ध्वनियों पर कितनी अच्छी तरह से प्रतिक्रिया कर रहा है। इस परीक्षण से यह निर्धारित करने में मदद मिलेगी कि बच्चे में कोई श्रवण की समस्या है या नहीं। यदि बच्चे में श्रवण की कोई समस्या मौजूद होगी, तो यह परीक्षण श्रवण की समस्या के प्रकार के बारे में जानकारी प्रदान कर सकता है।
- ओटोकॉस्टिक उत्सर्जन (Otoacoustic Emissions, OAE) के परीक्षण के दौरान - दोनों कानो पर नरम रबर की एक टिप लगाई जाएगी, जिससे मृदु ध्वनि निकलेगी और सामान्य रूप से कान के कार्य करने पर होने वाली प्रतिध्वनि को मापा जाएगा। इस परीक्षण का उपयोग आमतौर पर अन्य परीक्षणों के साथ किया जाता है ताकि समस्या का सबसे सटीक निदान किया जा सके।
- टाइम्पेनोमेट्री - दोनों कानो पर नरम रबर की एक नोक लगाई जाएगी जो मापती है कि कान का पर्दा कितनी अच्छी तरह हिल पाता है। जब अन्य परीक्षणों के साथ, इस परीक्षण का उपयोग किया जाएगा, तो यह परीक्षण श्रवण की समस्या के संभावित कारणों के बारे में कुछ संकेत प्रदान करेगा।

## क्या मेरे बच्चे को कोई दर्द महसूस होगा?

परीक्षण के दौरान आपके बच्चे को किसी भी समय कोई भी दर्द महसूस नहीं होगा। नरम रबर टिप और सेंसर लगाने से आपके बच्चे को कोई नुकसान नहीं होगा। जब परीक्षण का उपकरण पहली बार लगाया जाता है तो अधिकांश बच्चे चिड़चिड़ाने और हिलने-डुलने लगते है, लेकिन पास में लेकर कपड़े से लपेटने पर वे शांत हो जाएंगे।



## क्या मुझे परीक्षण के परिणाम तुरंत मिल जायेंगे?

ऑडियोलॉजिस्ट आपको यह बताएंगे कि परीक्षण के परिणाम कब उपलब्ध होंगे और आपको परिणाम किनसे लेने होंगे। यदि परिणामों के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो आपको ऑडियोलॉजी क्लिनिक से संपर्क करना चाहिए।

## यदि पूरे परीक्षण के दौरान मेरा बच्चा नहीं सोएगा तो क्या होगा?

आपका बच्चा जितना छोटा होगा, परीक्षण के दौरान उसके सोने की संभावना उतनी ही अधिक होगी, लेकिन कभी-कभी हो सकता है की बच्चा अगर चिड जाए तो दूसरी अपॉइंटमेंट लेनी पड़ेगी। कुछ बड़े बच्चे, संपूर्ण मूल्यांकन के दौरान ठीक से सो जाए इस लिए आपके बच्चे को डॉक्टर द्वारा बेहोशी की दवा देने की सलाह दी जा सकती है। बेहोशी द्वारा बच्चे का परीक्षण संपूर्ण करने की संभावना को कम करने के लिए,आपको यह सिफारिश की जाती है कि आप जल्द से जल्द अपॉइंटमेंट लें लिजीए।

## यदि कुछ अप्रत्याशित हो जाए और मुझे अपने बच्चे की अपॉइंटमेंट को पुनर्निर्धारित करना पड़े तो क्या होगा?

यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अपने बच्चे को किसी ऑडियोलॉजिस्ट को दिखाए। यदि आप अपनी निर्धारित अपॉइंटमेंट के समय पहुंच सकते हैं, तो कृपया श्रवण परीक्षण की अपॉइंटमेंट को तुरंत पुनर्निर्धारित करें।

DEPARTMENT OF HEALTH

पुनरावृत्ति 05/2024

ID# 56451

मिनेसोटा नवजात शिशु स्क्रीनिंग कार्यक्रम | www.health.state.mn.us/newbornscreening
पो.ऑ. बॉक्स 64899, सेंट पॉल, MN 55164
इस जानकारी को भिन्न स्वरूप में प्राप्त करने के लिए:
health.newbornscreening@state.mn.us पर संपर्क करें
या (800) 664-7772 पर कॉल करें *अनुवादक उपलब्ध हैं